Regarding drinking water supply system in Kanpur, Uttar Pradesh.

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं कानपुर शहर में गुजरने वाले कुछ ऐसे हादसे की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं। पिछले पांच-सात साल से कानपुर की सीवर व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है। कानपुर में पेय जल सप्लाई की लाईन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, क्योंकि वह 60-70-80 साल से पुरानी लाईन है।...(व्यवधान) सीवर सिस्टम ध्वस्त होने के कारण, पेयजल की सप्लाई लाईन ध्वस्त होने के कारण सीवर का मिला हुआ पानी लोगों को पीने के लिए मिल रहा है। कानपुर में ड्रिंकिंग वाटर में सीवर का पानी मिला हुआ है।...(व्यवधान) हमारे कानपुर में लोग ऐसे पानी को पीकर मर रहे हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You sit down. Shri Ramji Lal Suman.

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल :** महोदय, मेरा आपसे अनुरोध की कि मेरी बात पर गौर कीजिए।...(व्यवधान) आप नगर विकास मंत्रालय को निर्देशित करें कि कानपुर के सीवर सिस्टम दुरूस्त करने के लिए विशेष पैकेज दें।...(व्यवधान) वहां ड्रिंकिंग वाटर पाइप लाईन दुरूस्त की जाए।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record. Shri Ramji Lal Suman.

*(Interruptions)**

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल :** जहां सैंकड़ो लोग मर रहे हैं, उनकी बात तो होने दीजिए।...(व्यवधान) यह गलत तरीका है, मैंने इनके ऊपर कोई आक्षेप नहीं किया। गवर्नमेंट पर कोई आक्षेप नहीं किया, फिर भी ये खड़े होकर बोलने लगते हैं।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is not going on record.

...(*Interruptions*)

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल :** जब तक नगर विकास मंत्री और नगर विकास मंत्रालय, कानपुर को सीवर सिस्टम को दुरूस्त करने के लिए विशेष पैकेज नहीं देंगे, कानपुर में सैंकड़ो लोग जहरीला पानी पीकर मरते रहेंगे।...(व्यवधान) मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस संबंध में निर्देश दिया जाए। ...(व्यवधान)

**डा. मदन प्रसाद जायसवाल :** आप तो वहां मेयर रह चुके हैं।...(व्यवधान)

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल :** मैं दस साल पहले मेयर था।...(व्यवधान) मेरे जमाने में एक-एक बूंद शुद्ध पानी मिलता था।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions)**

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please take your seat. Shri Ramji Lal Suman.

---

*Not Recorded.